प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 17.02.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- विधानसभा का बजट सत्र कल से, स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने की सर्वदलीय बैठक, विभिन्न विभागों के आला अधिकारियों को भी दिये आवश्यक निर्देश।
- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहु ने कानून व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार को घेरा, निकाय चुनाव में सत्ताधारी गठबंधन समर्थित उम्मीदवारों की हार का किया दावा।
- झारखंड हाईकोर्ट ने इडी के अधिकारियों के खिलाफ पुलिस जांच और कार्रवाई पर लगी रोक को अगले आदेश तक रखा बरकरार, 24 फरवरी को होगी अगली सुनवाई।
- रामगढ़ में खुला राज्य का पहला ट्रांसकैफे, ट्रांसजेंडर समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सम्मानजनक आजीविका प्रदान करने की पहल।
- राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस शिविर के एनसीसी कैडेट्स और बिरसा मुंडा साइक्लोथोन के प्रतिभागियों को किया सम्मानित, विकसित भारत में युवाओं की भूमिका को बताया अहम।

****

कल से शुरु हो रहे झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के सुचारु संचालन को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने आज सर्वदलीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल हुए। मौके पर संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई नेता उपस्थित रहे। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्र के सफल संचालन के लिए सभी दलों का सहयोग जरुरी है। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष ने विभिन्न विभागों के आला अधिकारियों के साथ भी सत्र को लेकर बैठक की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज रांची में मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति के तहत विदेश में पढ़ रहे मेधावी स्कॉलर्स ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बच्चे ऑक्सफोर्ड जैसे संस्थानों में झारखंड का मान बढ़ा रहे हैं। सरकार प्रतिवर्ष 25 छात्रों को मिलने वाली इस सहायता की संख्या बढ़ाने पर विचार कर रही है।

****

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने धनबाद में राज्य की कानून व्यवस्था पर हेमंत सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने जानबूझ कर नगर निकाय चुनाव में देरी की है। श्री साहू ने दावा किया कि ईवीएम से चुनाव होने पर सत्ताधारी गठबंधन की हार निश्चित है।

****

लोहरदगा नगर परिषद चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अनिल उरांव के समर्थन में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने युवा संवाद किया। उन्होंने विकास और पारदर्शिता के लिए युवाओं से सक्रिय भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम में प्रबुद्ध नागरिक और भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

****

राज्य में 23 फरवरी को होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। गढ़वा जिले में उम्मीदवारों के प्रचार और जनसंपर्क अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

झारखंड हाईकोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय, इडी के दो अधिकारियों के खिलाफ पुलिस जांच और कार्रवाई पर लगी रोक को अगले आदेश तक बरकरार रखा है। आज हुई सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की अदालत ने राज्य सरकार की वह मांग स्वीकार कर ली, जिसमें उन्होंने ईडी के जवाब को पढ़ने के लिए समय मांगा था।

****

रांची के योगदा सत्संग आश्रम में आज कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन ने कर्मचारियों को मुफ्त इलाज और पेंशन जैसे लाभों की जानकारी दी।

****

झारखंड के रामगढ़ में आज राज्य का पहला ट्रांसकैफे खुला है, जिसे पूरी तरह से ट्रांसजेंडर समुदाय द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसे किन्नर उत्थान समिति नामक स्वयं सहायता समूह के 10 सदस्य मिलकर चला रहे हैं। उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज के अनुसार इस पहल का लक्ष्य ट्रांसजेंडर समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें सम्मानजनक आजीविका प्रदान करना है।

****

सरायकेला महिला महाविद्यालय में युवा महोत्सव का भव्य समापन हुआ। कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. रंजीत कुमार कर्ण ने छात्राओं को नवाचार के जरिए देश को विश्वगुरु बनाने के लिए प्रेरित किया। समारोह में विजेताओं को सम्मानित किया गया और कॉलेज के इनोवेशन सेल को मिली भारत सरकार की थ्री–स्टार रेटिंग की सराहना की गई।

****

रांची के चान्हो प्रखंड स्थित सिलागाई में आज कोल विद्रोह के नायक वीर बुधु भगत की 234वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। उनकी जन्मस्थली सिलागाई स्थित स्मारक स्थल पर पारंपरिक सरना रीति–रिवाज के साथ पूजा की गई और वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर प्रशासन और स्थानीय समिति द्वारा विकास मेला का आयोजन किया गया, जहां सरकारी योजनाओं के स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि राज्य की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और चमरा लिंडा ने संबोधित करते हुए नई पीढ़ी से वीर बुधु भगत के बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची में गणतंत्र दिवस शिविर–2026 के एनसीसी कैडेट्स और वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथोन के प्रतिभागियों को सम्मानित किया। उन्होंने युवाओं में अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की सराहना करते हुए साइक्लोथोन विजेताओं को 10 हजार की प्रोत्साहन राशि दी और विकसित भारत/2047 में उनकी भूमिका को अहम बताया।

********समाप्त*********